




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – **आशुतोष नवाल**

वर्ष 18 | अंक 100 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 19 जनवरी 2024 | मूल्य 2 रुपया


## मासूम से दुष्कर्म करने वाले को 20 साल की सजा

**मंदसौर, 18 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** विशेष न्यायधीश (पॉक्सो एक्ट) मंदसौर द्वारा आरोपी राहुल पिता भगतराम मालवीय, उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम करजू जिला मंदसौर को 07 वर्ष की मासूम बालिका से दुष्कर्म करने के आरोप में 20 वर्ष का कारावास एवं अर्थदण्ड से दण्डित किया।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि 23 फरवरी 2023 को फरियादी ने थाना भावगढ़ पर आकर मौखिक रिपोर्ट की कि हमारे पड़ोस में आरोपी राहुल काफी सालो से रह रहा है। पड़ोसी होने से राहुल अक्सर हमारे घर आता-जाता रहता था। राहुल मेरी लड़की को अक्सर चाकलेट वगैरा देता रहता था। 21 फरवरी 2023 के सुबह करीब 09 बजे आरोपी राहुल नाबालिग बालिका को उसके घर ले गया और घर का दरवाजा अंदर से बंद कर उसके साथ उसने गलत काम किया और बालिका को 30 रूपये देकर बोला कि यह पैसे रख और.... **शेष पेज 4 पर**

# गणित-ज्ञान: सोना-चांदी के भावों के बीच कम हो रहा अंतर

## पहले के मुकाबले बदला ट्रेंड, अब अंतर रह गया बारह प्रतिशत



**मंदसौर, 18 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सोना और चांदी के भावों में भयंकर उठापटक का दौर जारी है। निवेशकों की सांसे ऊपर नीचे हो रही है। सोना हर दिन महंगा हो रहा है और यह रिकॉर्ड भाव पर बिक रहा है। इससे सोने और चांदी के बीच भाव का अंतर लगातार कम हो रहा है। 14 साल पहले तक यह स्थिति थी कि सोना जिस भाव पर बिकता था चांदी उससे दोगुना भाव पर बिकती थी। जैसे सोने के भाव 20 हजार रुपए प्रति दस ग्राम होते थे तो चांदी 40 हजार रुपए प्रतिकिलो बिकती थी। सोने के मुकाबले चांदी के भाव दोगुना रहते थे। सराफा बाजार में सालों तक यही ट्रेंड चला। अब बदलाव आया और दोनों धातुओं के बीच लगातार अंतर कम हो रहा है। अब दोनों धातुओं के बीच अंतर महज 12 फीसदी के आसपास ही रह गया है। सराफा बाजार में गुरुवार को सोने के भाव 63,700 रुपए प्रति दस ग्राम थे। वहीं चांदी के भाव 72,800 रुपए प्रतिकिलो रहे।

### सोने की तरफ ज्यादा रुझान...

सराफा व्यापारियों के अनुसार सोने और चांदी के भाव में अंतर कम होने की वजह लोगों का सोने की खरीदी की तरफ रुझान बढना है। पहले शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले ग्राहक चांदी के भारी वजन के गहने ही मांगते थे, लेकिन अब नहीं। चांदी में डिमांड कम होने से इसमें ज्यादा तेजी नहीं आ रही है। सोने में तेजी आने से अंतर कम हो रहा है। सराफा व्यापारियों के अनुसार लोग सोने की तरफ ज्यादा आकर्षित हो रहे हैं। ज्वैलरी और निवेश के लिए लोग सोना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इससे चांदी की तुलना में सोना महंगा हो रहा है और दोनों के बीच अंतर कम हो रहा है।

### सराफा बाजार में सोना रिकॉर्ड भाव पर, चांदी सस्ती

गुरुवार को सराफा बाजार में सोना 63 हजार 700 रुपए प्रति दस ग्राम बिक रहा है। यह रिकॉर्ड भाव है। वहीं चांदी रिकॉर्ड भाव से सस्ती बिक रही है। चांदी के रिकॉर्ड भाव 75,500 रुपए प्रतिकिलो रह चुके हैं। अभी 72,800 रुपए प्रतिकिलो बिक रही है।

**भाव में ऐसे आया अंतर**

| वर्ष | सोना | चांदी |
|---|---|---|
| 2010 | 20,600 | 41,000 |
| 2015 | 27,050 | 37,350 |
| 2020 | 51,000 | 64,000 |
| 2024 | 63,700 | 72,800 |

**(नोट- चांदी के भाव प्रतिकिलो में और सोने के भाव प्रति दस ग्राम के हैं।)**

### पांच कारण इसलिए आ रहा अंतर...

✻ लोगों का सोने की खरीदी की तरफ रुझान बढ़ रहा। ✻ सोने की ज्वैलरी खरीदने के साथ ही लोग इसमें निवेश कर रहे। ✻ चांदी की डिमांड औद्योगिक डिमांड का कम होना। ✻ चांदी की कम वजन की ज्वैलरी अधिक पसंद करना। ✻ विभिन्न देशों में सोने का भंडारण करना।

# वीरेंद्र ठन्ना हत्याकांड के आरोपी आजम लाला का कोर्ट में सरेंडर

**मंदसौर, 18 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर में करीब 7 साल पहले इलेक्ट्रॉनिक्स व्यवसायी वीरेंद्र ठन्ना की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में सुपारी देने वाले आरोपी आजम लाला को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। जिसके बाद वह पैरोल पर बाहर आया था और उसके बाद से फरार चल रहा था। डायमंड ज्वेलर्स के संचालक अनिल सोनी की हत्या के आरोपियों को भी जब फैसला सुनाया गया तब भी फरारी के चलते आजम लाला के मामले में कोई निर्णय नहीं सुनाया गया था। हालांकि, उस मामले के अदालत ने उपस्थित सभी आरोपियों को बरी कर दिया गया था। अब आजीवन कारावास की सजा के साथ ही अनिल सोनी हत्याकांड के मामले में भी अदालत आजम की भूमिका के बारे में फैसला देगी। गुरुवार को आजम लाला ने न्यायाधीश विशाल शर्मा की कोर्ट में सरेंडर किया। इसके बाद उसे जैल भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार 31 दिसंबर 2016 को वीरेंद्र ठन्ना की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस मामले में सबसे पहले सरफराज और अरमान के बाद रफीक को गिरफ्तार किया था। उन्होंने आजम लाला निवासी अखेपुर द्वारा सुपारी देने की बात स्वीकार की थी। मंदसौर पुलिस ने आजम लाला पर 10 हजार रुपए का इनाम भी रखा था। इसके बाद आजम लाला ने एक फिरौती के मामले में प्रतापगढ़ कोर्ट में सरेंडर किया था। जहां से उसे मंदसौर ठन्ना मर्डर कांड में कोर्ट में हाजिर किया गया। मंदसौर से उसे उज्जैन भैरोगढ़ जैल भेजा गया। पैरोल पर बाहर आने के बाद से ही आजम लाला फरार चल रहा था। गुरुवार को उसने सरेंडर किया। बता दे कि 7 साल पहले व्यापारी वीरेंद्र ठन्ना की हत्या के मामले में अखेपुर निवासी आजम लाला सहित 4 आरोपियों को 12 मार्च को ही आजीवन कारावास की सजा हुई थी।



### प्रतापगढ़ में पुलिस - प्रशासन के दबाव के चलते हुआ सरेंडर...

राजस्थान के प्रतापगढ़ जिला पुलिस व प्रशासन आदतन गुंडे बदमाशो के विरुद्ध लगातार त्वरित और कठोर कार्यवाही कर रही है। इधर मंदसौर पुलिस भी समय समय पर आजम की गिरफ्तारी के प्रयास में दबिश दे रही थी। चौतरफा दबाव के चलते आजम ने सरेंडर करना ही उचित समझा। यही कारण है की अभी उसे मंदसौर जैल भेजा गया है। जहां से पुन: भेरूगढ़ उज्जैन या इंदौर की सेंट्रल जैल ट्रांसफर किया जायेगा।

# स्कॉर्पियो-अल्टो कार की भिड़ंत, एक की मौके पर मौत





**खजूरी आंजना, 18 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** अफजलपुर थाना क्षेत्र के ग्राम झिरकन फन्टे के समीप बुधवार रात्रि करीब 10:30 बजे बडवन ताल रोड पर स्कॉर्पियो-अल्टो में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में सीतामऊ थाना क्षेत्र के ग्राम झागरिया के रहने वाले मनोहर सिंह पिता प्रहलाद सिंह राजपूत की मौके पर ही मौत हो गई।



जानकारी अनुसार बड़वन-ताल रोड पर बीती रात्रि झिरकन फटें पर दलौदा की तरफ से अल्टो कार एमपी 13 सीए 8391 सीतामऊ थाना क्षेत्र के झागरिया के रहने वाले मनोहर सिंह पिता प्रहलाद सिंह राजपूत मंदसौर से गुड़ खरीद कर अपनी कार में रखकर घर की और आ रहे थे। इसी दौरान अचानक सामने से स्कॉर्पियो एमपी 43 झेडबी 8638 आने से दोनो की भिड़ंत हो गई। जिससे मनोहर सिंह पिता प्रहलाद सिंह राजपूत की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, स्कार्पियो सवार व्यक्ति मौके से फरार हो गया। देखते ही देखते काफी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए थे। दुर्घटना की सूचना राहगिरो द्वारा हंड्रेड डायल पर दी गई। इसके बाद आनन-फानन में पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और काफी मशक्कत के बाद मृतक का शव अल्टो कार से बाहर निकाला गया। 108 की मदद से मंदसौर के बड़े अस्पताल भेजा गया। अफजलपुर थाना पुलिस ने बताया कि बीती रात्रि बडवन ताल रोड पर झिरकन फटें के पास अल्टो व स्कॉर्पियो में भिड़ंत की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा है।

# खेजड़ी में सीबीएन की कार्यवाही का विरोध

## आक्रोशित किसानों ने अधिकारियों को घेरा, नारायणगढ़ पुलिस ने सीबीएन टीम को निकाला





### आधे घंटे की सर्चिंग में कुछ नहीं मिला तो सीसीटीवी का डिवीआर ले गए

**पिपलिया मंडी, 18 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मादक पदार्थ होने की सूचना पर खेजड़ी में किसान के घर दविश देने गई केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो 'सीबीएन' की टीम को आधे घंटी की सर्चिंग में कुछ नही मिला, ग्रामीणों के विरोध के बाद टीम को बैरंग लौटना पड़ा। किसान नेता श्यामलाल जोकचन्द ने पुलिस व नारकोटिस विभाग पर किसानों से वसूली की नियत से परेशान करने का आरोप लगाया। भाजपा नेता राजू राणा ने भी ऐसी कार्यवाही का विरोध किया।

जानकारी के अनुसार सीबीएन को नारायणगढ़ थाने के गांव खेजड़ी में किसान उदयसिंह चौहान के घर मादक पदार्थ होने की सूचना मिली थी। इस पर गुरुवार को सुबह छह बजे करीब केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो की टीम ने दविश दी। इसमें नारकोटिक्स अधीक्षक आदित्य रंजन भी शामिल थे। नारकोटिक्स टीम द्वारा किसान के घर का दरवाजा खटखटाने पर खोलने में कुछ देर देरी हुई तो कुछ कर्मचारी छत पर चढ़कर भीतर घर में घुस गए। करीब आधे घंटे तक टीम के अधिकारियों व कर्मचारियों ने घर की सघन तलाशी ली। सारा सामान बिखेर दिया। दिवार में चूना हुआ गंगाजल का कलश तक निकलवा दिया। चाबियां नही मिलने पर पेटियों के भी ताले तुड़वाए। लेकिन कुछ नही मिला। बाद में मुखिया व सरपंच को बुलाकर पंचनामा बनाया। इसके बाद जब टीम के अधिकारी, कर्मचारी बाहर निकले तो ग्रामीणों ने उन्हें घेर लिया व विरोध किया। ग्रामीणों का आरोप था कि इस तरह किसी घर में घुसना अनुचित है। सूचना पर नारायणगढ़ पुलिस पहुंची और स्थिति संभाली तथा नारकोटिक्स टीम को वहां से निकाला।

### सीसीटीवी केमरे का डीवीआर ले गए...

किसान उदयसिंह ने आरोप लगाया कि टीम ने चोरों की तरह घर में दविश दी। घर में सीसीटीवी केमरे लगे हुए है, इस कारण पूरे घटनाक्रम का वीडियो रिकार्ड हो गया। यह बात अधिकारियों को पता चली तो वे केमरे का डीवीआर खोलकर साथ ले गए व अभद्र व्यवहार किया। किसान ने बताया करीब तीन कार व जीप में 15 अधिकारी कर्मचारी व महिला कर्मचारी शामिल थे। इसमें से एक कर्मचारी छत से घर में कूदा, जिसके चोंट भी आई है। घर में घुसते ही पूछताछ किए बिना अधिकारियों ने सामान बिखेरना शुरु कर दिया। किसान ने बताया कि उनके दो लायसेंस है, घर में कुछ नही था, उसके बावजूद परेशान किया। चाबियां नही मिली तो पेटियों के ताले तोड़ दिए। दबिश देने से पूर्व मुखिया, चौकीदार, सरपंच किसी को सूचना नही दी। तलाशी के बाद कुछ नही मिला तो सरपंच व मुखिया को बुलाने के लिए कहा। किसान ने कहा कि चोरों की तरह घर में घुसने व अकारण परेशान करने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्यवाई होना चाहिए।

### जोकचन्द का आरोप, क्षेत्र में भय का वातावरण निर्मित कर रही पुलिस व नारकोटिक्स...

किसानों की सूचना पर टीम के साथ गांव खेजडी पहुंचे किसान नेता श्यामलाल जोकचन्द ने पीड़ित किसान से चर्चा की। जोकचन्द ने आरोप लगाया कि पुलिस व नारकोटिक्स क्षेत्र में भय का वातावरण निर्मित कर रही है। गांव के प्रतिष्ठित लोगों को सूचना दिए बगैर हर किसी के घर में घुस जाना कहां तक उचित है ? घर में घुसने से पूर्व अधिकारियों की तलाशी ली जाना चाहिए, ताकि फर्जी कार्रवाई नही हो सके। किसान ने सीसीटीवी केमरे लगा रखे है, अन्यथा नारकोटिक्स फर्जी कार्रवाई कर सकती थी। जोकचन्द ने आरोप लगाया पुलिस व नारकोटिक्स क्षेत्र में लगातार किसानों पर एनडीपीएस एक्ट के झूंठे मुकदमे लाद रही है। वहीं कई प्रगतिशील किसानों से तो लाखों-करोड़ों रुपए की अवैध वसूली की नियत से मादक पदार्थ का फर्जी खरीददार बनाकर भेजा जा रहा है व रिश्वत की राशि की बंदरबांट हो रही है। जनप्रतिनिधियों की खामोशी भी संदेह के घेरे में है। जोकचन्द ने कहा कि खेजडी की तरह ही हर किसान जागरुक होकर एकजुट रहे व फर्जी कार्रवाई का विरोध करे। जोकचन्द ने यह भी चेतावनी दी कि अगर पुलिस व नारकोटिक्स ने फर्जी कार्रवाई करने बन्द नही किया तो किसानों को कानून हाथ में लेने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

### भाजपा नेता ने भी जताया विरोध...

नारकोटिक्स की कार्रवाई का बूढ़ा भाजपा मण्डल अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राणा ने भी विरोध जताया। उन्होंने अधिकारियों की कार्रवाई पर कहा कि यह तरीका गलत है। संबंधित थाना पुलिस व गांव के सरपंच, मुखिया को भी सूचना नही दी। राणा ने आरोप लगाया कि नारकोटिक्स बेवजह किसानों को परेशान कर रही है। क्षेत्र के कई गरीबों के नाम एनडीपीएस एक्ट की एफआईआर में डाल दिए गए है, उनके परिजन परेशान हो रहे है। इस तरह की फर्जी कार्रवाईयां बंद की जाए।

### तीसरी बार बैरंग लौटना पड़ा...

क्षेत्र में नारकोटिक्स टीम को लगातार तीसरी बार बैरंग लौटना पड़ा। मादक पदार्थ होने की सूचना पर कुछ माह पूर्व नारकोटिक्स विभाग की टीम ने बरखेड़ापंथ में भी दविश दी थी। पूरे घर की तलाशी ली, लेकिन कुछ नही मिला। इस कार्रवाई का भी विरोध हुआ था। वहीं कुछ माह पूर्व बालागुढ़ा में भी टीम ने दविश दी थी, जहां कार्रवाई का ग्रामीणों ने विरोध किया था व हाथापाई होने तक की स्थिति निर्मित हो गई थी। उस दौरान आक्रोशित किसानों ने मंदसौर नारकोटिक्स कार्यालय का घेराव भी किया था।

### फांसी पर झूला युवक

**मंदसौर, 18 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सीतामऊ में एक युवक ने फांसी के फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सीतामऊ निवासी अनिरुद्ध सोनी ने गुरुवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया गया। मृतक अनिरुद्ध सोनी सराफा व्यवसायी बंटू सोनी और भाजपा पार्षद राधा सोनी का पुत्र था। आत्महत्या के कारणों की जानकारी नहीं मिली है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

# चोरी की योजना बनाते चार बदमाश पकड़ाए

## देशी कट्टा, बाइक और चोरी के लिए उपयोगी औजार जप्त

**सीतामऊ, 18 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने चोरी की योजना बनाते हुए चार आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों कब्जे से चोरी में उपयोग आने वाले औजार और दो बाइक भी बरामद की है।



सीतामऊ थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबीर से सूचना मिली थी कि 2 बाइक पर सवार 4 लोग चोरी की योजना बना रहे है। अगर मौके पर दबिश दी जाए तो आरोपियो को गिरफ्तार कर चोरी की योजना नाकाम की जा सकती है। मामले में एक टीम बनाकर थाना क्षेत्र के भगोर-कल्याणपुरा-जावरा रोड पर ईट भट्टे की आड़ में बैठे चार लोगों को भगोर और कल्याणपुरा गांव के सुने मकानों में चोरी की वरदात की प्लानिंग कर रहे थे। मामले में पुलिस की टीम ने मौके से चार आरोपियो को गिरफ्तार किया। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम दिलीप पिता जवान सिंह सोधिंया राजपुत निवासी किशनगढ थाना आलोट, ईश्वर सिंह पिता दाणु सिंह सोंधिया राजपुत उम्र 23 साल निवासी अरबेलिया भामा थाना आलोट, शंकर सिंह पिता तुफान सिंह सोंधिया राजपुत उम्र 28 साल निवासी निवासी किशनगढ, तुफान सिंह पिता तेंजसिंह सोंधिया राजपुत उम्र 36 साल निवासी किशनगढ थाना आलोट जिला रतलाम का होना बताया। चारों आरोपियों ने भगोर व कल्याणपुरा क्षेत्र में स्थित सूने मकान मे चोरी करना व चोरी की वारदात करने के लिए अपने पास 315 बोर का देशी कट्टा, जिंदा कारतूस, पेचकस, लोहे का ताला तोडने का औजार ,चाबियो के गुच्छे, डंडा व टार्च और दो बाइक मिली है। आरोपियों के और भी आपराधिक रिकॉर्ड दर्ज है। मामले पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

# राहुल की न्याय यात्रा पर भारी चाटुकारों की टीम...

**मंदसौर/उज्जैन, 18 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कांग्रेस के अधिकृत और सर्वमान्य नेता राहुल गांधी कांग्रेस का दोबारा जन आधार बढ़ाने के लिए लगातार मेहनत कर रहे हैं। अब तो यह भी लगने लगा है कि वह राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय मामलों में अपनी समझ बढ़ाने में और प्रस्तुत करने में माहिर हो गए हैं। भारत जोड़ो यात्रा में आधे देश की पदयात्रा ने दक्षिण से उत्तर पश्चिम के रहवासियों से मिलने, उनकी समस्याओं के साथ भौगोलिक और सामाजिक परिस्थितियों से रूबरू होकर जनमत में कांग्रेस की साख को बढ़ाने का उदाहरण प्रस्तुत कर चुके हैं। अब उत्तर पूर्व पश्चिमी हिस्से की न्याय यात्रा में भी नए अनुभवों के बाद और भी अधिक परिपक्वता लिए हुए नेता नजर आएंगे। कांग्रेस के शीर्ष परिवार के सदस्य होने के कारण ख्याति की कमी नहीं थी बस भारतवर्ष को पूरी तरह समझने के लिए अपनों से मिलने के लिए अपनी न्याय यात्रा को अंजाम दे रहे हैं। इससे कांग्रेस का उद्धार होगा ऐसा सोचना संचय पैदा करता है!



चन्द्रमोहन भगत

खूब मेहनत कर रहे राहुल गांधी इसी यात्रा में क्षेत्रीय लोगों से मिलकर अपनी लोकप्रियता में और अधिक इजाफा कर लेंगे। ऐसा होना शास्वत माना जा रहा, पर इसके बिलकुल विपरीत राहुल गांधी की ही दूसरी विशेष आदत के कारण उनकी अपनी ही कांग्रेस उनके ही कारण तेजी से सिकुड़ती जा रही है। जबकि, उनकी अपनी निजी लोकप्रिय बढ़ती जा रही है। उनकी यात्रा में लोगों से मिलना जुलना उनकी लोकप्रियता में इजाफा कर रही है तो दूसरी तरफ उनके मनपसंद नाम जो पहले से केंद्रीय और प्रदेशिक संगठन में प्रभावशाली पदों पर पदस्थ हैं। उनके नाम को जन लोकप्रियता के पैमाने से तोला जाए तो वर्तमान कांग्रेस का बट्टा बैठाने का काम कर रहे हैं। राहुल गांधी की पसंद के राष्ट्रीय और राज्य के पदाधिकारियों पर सतही नजर डालें तो इनमें से एक भी जननेता के दावे पर फिट होकर दावे से स्वयं जीतने, पार्टी को जीत दिलाने वाली हैसियत के नजर ही नहीं आते हैं। सच अनुमान लगाए तो यह कांग्रेस का जन आधार और माइनस करने का रिकॉर्ड बनाते जा रहे हैं।

जब से राहुल गांधी राष्ट्रीय कांग्रेस के उपाध्यक्ष बने हैं तब से कांग्रेस में जितने भी राष्ट्रीय, प्रदेश पदाधिकारी उनकी सिफारिश पर बनते आए और जिन-जिन राज्यों से आए हैं। वहां से लेकर देशभर में कांग्रेस का जनाधार घटाते आए हैं। बीते 24 सालों में लगातार कांग्रेस जन आधार खोते हुए इतनी सिकुड गई है कि 543 में से 10 प्रतिशत सांसद भी मुश्किल से जीत पा रही है। इतनी ही गति से राज्यों में भी सरकार खोते गए और सीमित राज्यों में ही सरकारों के साथ बैठे थे। उनमें से मध्य प्रदेश कांग्रेस ने तो अपनी सरकार फेंक कर भाजपा को दी है। सोनिया राहुल की खास पसंद में दो दशक से जो नाम सुनते आए हैं उनमें स्वर्गीय अहमद पटेल, कैसी वेणुगोपाल, रणदीप सुरजेवाला, इमरान प्रतापगढ़ी.... **शेष पेज 4 पर**





# 6 दिवसीय महोत्सव का कलश यात्रा के साथ होगा शुभारंभ

## वैदिक युगीन भव्य यज्ञशाला में होगा 108 कुंडात्मक हनुमंत महायज्ञ

**मंदसौर, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** बालाजी मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित होने जा रहे 6 दिवसीय स्वर्ण कलश आरोहण और 108 कुंडी है श्री हनुमंत महा यज्ञ के भाव महोत्सव की जानकारी देने दया मंदिर परिसर स्थित यज्ञशाला के परिसर में एक पत्रकार वार्ता आहूत की गई।पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए यज्ञाचार्य डॉ देवेंद्र शास्त्री ने बताया दया मंदिर परिसर में जिस यज्ञशाला का निर्माण किया गया है यह वैदिक कालीन स्वरूप में है। 108 कुंड बनाए गए हैं प्रत्येक कुंड को अलग-अलग नाम दिया गया है। यज्ञ विधि में 108 औषधियों का उपयोग किया जाएगा।यज्ञशाला को मुख्य भाग से ईशान कोण के ढलान के रूप में बनाया गया है पूरी वैदिक रीति का पालन किया जा रहा है। प्रतिदिन यहां गायत्री मंत्र का भी जाप किया जाएगा।सामूहिक रूप से 24 लाख गायत्री मंत्र का जप होगा ताकि वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का सृजन हो सके। आपने बताया है कि यज्ञशाला को जिस पावन पवित्र जल से पवित्र किया जा रहा है वह जल कर्नाटक की पर्वत श्रृंखलाओं के उस लंपी पर्वत के कुंड का जल है जहां भगवान हनुमान जी का जन्म हुआ था। आपने बताया कि यज्ञशाला में प्रतिदिन 22 जनवरी से प्रात: 8:00 बजे सभी यजमान एकत्र होंगे 8:30 बजे से यज्ञ विधि आरंभ होगी समय और मर्यादा का पालन करना बहुत आवश्यक है। यज्ञ विधि में सहयोग के लिए उत्तराखंड महाराष्ट्र गुजरात राजस्थान के ऋषि कुमार आ रहे हैं प्रत्येक हवन कुंड में यजमान के साथ ऋषि कुमार पुरोहित के रूप में रहेंगे।

25 जनवरी को प्रात: यज्ञ की पूर्णाहुति होगी 22 से 24 जनवरी तक यज्ञ का समय प्रतिदिन प्रात: 8:30 बजे से और दोपहर 2:00 बजे से रहेगा। यज्ञशाला में केवल यजमान धोती कुर्ता पहनकर प्रवेश कर सकेंगे अन्य सहयोगी कार्यकर्ता भी धोती कुर्ते में ही यज्ञशाला में आएंगे। यज्ञ शुभारंभ के एक दिन पूर्व 21 जनवरी को माहेश्वरी धर्मशाला में सभी यजमान दोपहर 1:00 बजे से 4:00 बजे के मध्य हेमाद्री संकल्प के साथ स्नान एवं पूजा करेंगे करेंगे। पत्रकार वार्ता में ताले वाले बालाजी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित धीरेंद्र त्रिवेदी ने बताया कि 6 दिवसीय आयोजन का शुभारंभ 20 जनवरी को प्रात: 10:00 बजे श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर से भव्य शोभायात्रा एवं कलश यात्रा के शुभारंभ के साथ होगा शोभायात्रा में 50 वानर रूप रहेंगे। विशिष्ट आकर्षणों के साथ यह शोभायात्रा एवं कलश यात्रा निकलेगी।इसका रूट दवा मार्केट से गोल चौराहा बीपीएल,गांधी चौराहा, नेहरू बस स्टैंड, कालिदास मार्ग, घंटाघर आजाद चौक शुक्ला चौक, नयापुरा रोड होकर माहेश्वरी धर्मशाला पहुंचेगी। जहां भानपुरा पीठ के पूज्य शंकराचार्य जगतगुरु जगद गुरु 1008 श्री ज्ञानानंद जी महाराज एवं आचार्य श्री रामानुज जी के प्रवचन होंगे। 21 जनवरी से 24 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 2:00 बजे से 4:00 बजे तक रुद्राक्ष माहेश्वरी धर्मशाला में अहमदाबाद के प्रसिद्ध भागवत के विद्वान हरेश भाई जोशी शास्त्री उद्धव गीता पर प्रवचन देंगे। 25 जनवरी को यज्ञ पूर्णाहुति के बाद अभिजीत मुहूर्त में मंदिर शिखर पर स्वर्ण कलश आरोहण होंगे इस अवसर पर पूज्य शंकराचार्य ज्ञानानंद जी तीर्थ युवाचार्य वरुणेंद्र जी तीर्थ सोला अहमदाबाद भागवत विद्यापीठ के पूज्य भागवत ऋषि प्रसिद्ध कथा प्रवक्ता रामानुज जी एवं हरेश भाई शास्त्री का भी सानिध्य प्राप्त होगा। इस भव्य महोत्सव क्या आयोजन की समिति से जुड़े ब्रजेश जोशी ने बताया कि 20 जनवरी को भव्य शोभा यात्रा एवं कलश यात्रा में 2100 मातृशक्ति सम्मिलित होगी। शोभा यात्रा में श्री नालसा माता मंदिर एवं श्री खाटू श्याम मंदिर दरबार भी साथ चलेगा।शोभायात्रा का नगर में 40 स्थानों पर स्वागत मंच बनाकर स्वागत किया जाएगा। महावीर फतेह करे श्री बालाजी ग्रुप द्वारा स्वागत मंच तैयार कराया जा रहा है। कोई भी समाज संस्था या समूह मंदिर कार्यालय में ?1000 जमा करा कर इन स्वागत मंच पर अपनी संस्था, समाज व समूह का बैनर लगाकर स्वागत कर सकते हैं मालाएं और पुष्प उपलब्ध वहीं उपलब्ध रहेंगे। पत्रकार वार्ता के बाद उपस्थित पत्रकारों ने यज्ञशाला का भी अवलोकन किया।

## नपा की गणतंत्र दिवस फुटबाल स्पर्धा प्रारंभ...

# हीरोज क्लब का क्वार्टर फायनल में प्रवेश

**नीमच, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नगरपालिका परिषद, नीमच द्वारा नपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चौपड़ा के मार्गदर्शन में जिला फुटबाल संघ के सहयोग से 12 से 26 जनवरी तक आयोजित गणतंत्र दिवस फुटबाल स्पर्धा में 18 जनवरी को राजेन्द्र प्रसाद स्टेडियम में स्पर्धा का प्री-क्वार्टर फायनल मैच ग्वालटोली व हीरोज क्लब के बीच खेला गया। जिसमें निर्धारित समय तक दोनों टीम 1-1 गोल की बराबरी पर रही। निर्णायक के अंत में ट्रायबेकर का सहारा लिया, जिसमें हीरोज क्लब ने विजयश्री प्राप्त कर क्वार्टर फायनल में प्रवेश किया।



उपरोक्त जानकारी देते हुए टूर्नामेन्ट कमिश्नर डॉ. आसिफ खान ने बताया कि 18 जनवरी को खेले गये मैच में अतिथि के रूप में जिला प्रेस क्लब के पदाधिकारी श्री विष्णु मीणा, श्री राजेश लक्षकार, श्री राजेश भंडारी व भानुप्रिया बैरागी ने उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। अपने उद्बोधन में अतिथिगणों ने कहा कि नगरपालिका द्वारा आयोजित यह स्पर्धा खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने का कार्य करती है। स्पर्धा के आयोजन का नगरपालिका द्वारा किया जा रहा यह प्रयास सराहनी है। कार्यक्रम का संचालन डीएफए सचिव श्री प्रमोद शर्मा व राजेश पप्पू मंगल ने किया। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में श्री विकास सरसवाल, श्री मोहम्मद रईस, श्री मोहम्मद हनीफ, श्री रफीक हाशमी आदि ने सेवाएं प्रदान की। इस अवसर पर वरिष्ठ फुटबाल खिलाड़ी श्री विनोद शर्मा, डॉ. श्री आसिफ खान, श्री बुन्दू दुर्रानी, श्री अनील सुराह, श्री रमेश बोरीवाल, श्री धर्मेन्द्र परिहार, श्री कोमलसिंह चौहान, श्री सत्तार भाई, श्री राकेश अहीर, श्री महेन्द्र प्यासा, श्री पिन्टू अहीर सहित बडी संख्या में खेल प्रेमी नागरिक उपस्थित थे।

**आज एनएफए व अहीर युनिर्वसल के बीच क्वार्टर फायनल मुकाबला-** नगरपालिका परिषद, नीमच द्वारा नपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चौपडा के मार्गदर्शन में जिला फुटबाल संघ के सहयोग से राजेन्द्र प्रसाद स्टेडिय, नीमच पर 12 जनवरी से प्रारंभ हुई गणतंत्र दिवस फुटबाल स्पर्धा के अंतर्गत 19 जनवरी से स्पर्धा के क्वार्टर फायनल मुकाबले प्रारंभ होंगे। पहला क्वार्टर फायनल मैच आज दोपहर 3 बजे एनएफए व अहीर युनिर्वसल के बीच खेला जावेगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए कार्यालय अधीक्षक श्री जमनालाल पाटीदार व पोस्टिंग इंचार्ज श्री अब्दुल हमीद ने बताया कि 19 जनवरी को होने वाले मैच में अतिथि के रूप में समाजसेवी श्री निलेश पाटीदार, श्री अतिश तोतला, भाजपा नगर मंडल महामंत्री श्री दारासिंह यादव, श्री दुर्गेश शर्मा, श्री रामगोपाल पाराशर, श्री कृष्णा मेहरा, समाजसेवी श्री ओमप्रकाश अहीर (दादा), पूर्व पार्षद श्री मिश्रीलाल रियार, श्री सुमित अहीर, श्री शंकरलाल ग्वाला, श्री परसराम पटेल, श्री हरलाल चौधरी, श्री राजू पटेल, श्री झमकलाल जैन (कालू), श्री पंकज बोकडिया उपस्थित रहेंगे। नगरपालिका परिषद, नीमच व जिला फुटबाल संघ, नीमच ने समस्त फुटबाल प्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने व स्पर्धा को सफल बनाने का अनुरोध किया है।

# कर्तव्य बोध दिवस का आयोजन सम्पन्न

**मंदसौर, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ ब्लॉक और तहसील इकाई मंदसौर द्वारा कर्तव्य बोध दिवस का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती, स्वामी विवेकानंद और सुभाषचंद्र बोस को माल्या अर्पण, दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की गई। श्री ईश्वरलाल चंदेश्वरी कन्या प्राथमिक विद्यालय अफजलपुर के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। भारतीय संस्कृति के अनुसार अतिथि देवो भव की परंपरा का पालन करते हुए श्री अखिलेश मेहता प्रांतीय उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश शिक्षक संघ, श्री शंकरलाल आँजना जिला सचिव, श्री रामचंद्र लोहार तहसील अध्यक्ष मंदसौर, श्री रघुवीरसिंह सिसोदिया तहसील उपाध्यक्ष, श्री कांतिलाल राठौर ब्लॉक अध्यक्ष मंदसौर, श्री विष्णु लाल जी पिछोलिया ब्लॉक सहसचिव, श्री मुकेश जी राव तहसील सहसचिव और



उपस्थित सभी शिक्षक बंधु व मातृशक्ति बहनों, बच्चों का स्वागत तिलक, रक्षा सूत्र, नारियल से द्वारा किया गया। उद्बोधन में श्री रघुवीर सिंह सिसोदिया ने बताया शिक्षक संघ के अथक प्रयास से ही 12, 24, 30 वर्ष क्रमोन्नति का आदेश प्रसारित हुआ है। श्री विष्णु लाल पिछोलिया ने बताया प्रतिवर्ष क्यों मनाया जाता है कर्तव्य बोध दिवस कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। श्री कांतिलाल राठौर ने अपने उद्बोधन में बताया पौष शुक्ल, द्वादशी, विक्रम संवत् 2080, सोमवार दिनांक 22 जनवरी 2024 के शुभदिन, प्रभु श्रीराम के बाल रूप नूतन विग्रह को, श्रीराम जन्मभूमि पर बन रहे नवीन मंदिर भूतल के गर्भगृह में विराजित करके प्राण-प्रतिष्ठा की जायेगी। इस अवसर पर अयोध्या में अभूतपूर्व आनन्द का वातावरण होगा। आप से आग्रह है कि अपने मोहल्ले / ग्राम में मकर संक्रांति से आरम्भ करते हुए प्रतिदिन प्रभातफेरी निकालें(प्राण-प्रतिष्ठ के दिन प्रात: घर के द्वार पर रांगोली व वंदनवार से सजावट करें) अयोध्या में जिस समय प्राणप्रतिष्ठ महोत्सव प्रात: 11से दोपहर 1 बजे चल रहा हो उस समय अपने ग्राम, मोहल्ले, कॉलोनी में स्थित किसी मंदिर में आस-पड़ोस के रामभक्तों को एकत्रित करके, भजन-कीर्तन करें। प्राण-प्रतिष्ठ के दिन सायंकाल सूर्यस्त के बाद अपने घर के सामने दीपक जलाएं, दीपमालिका सजायें, विश्व के करोड़ों घरों में दीपोत्सव मनाया जाये। श्री रामचंद्र लोहार अपना उद्बोधन में बताया कि मध्यप्रदेश शिक्षक संघ मान्यता प्राप्त संगठन होने के नाते रीति नीति से काम करता है और समस्या का समाधान जब तक नहीं होता तब तक संघर्ष करते रहता है। सफलता प्राप्त कर ही संगठन का मुख्य उद्देश्य होता है। आपके द्वारा बताया गया यशस्वी प्रधानमंत्री जी द्वारा विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है उसे हम सभी शिक्षकों को मिलकर हमारे देश में , हमारे गांव में , हमारे छात्रों में जो प्रतिभा छिपी हुई उसे खोजना हमारा कर्तव्य है।

# खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिये मिनी मैराथन दौड़ कल

**मंदसौर, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया के मार्गदर्श में जिला खेल अधिकारी श्री विजेंद्र देवड़ा ने बताया खेलों के प्रति खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया के मार्गदर्शन में 20 जनवरी 2024 को मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन प्रात: 7:30 बजे एम.आई.टी. चौराहा, रेवास देवड़ा रोड, मन्दसौर पर किया जा रहा है, मिनी मैराथन दौड़ 05 कि.मी. और 10 कि.मी. पुरूष एवं महिला वर्ग में आयोजित होगी, दोनों वर्गों मैं विजेता (प्रथम तीन स्थान प्राप्त) खिलाड़ियों को पुरस्कार दे कर सम्मानित किया जाएगा, सभी खिलाड़ी कार्यालय खेल और युवा कल्याण विभाग, रेवास देवड़ा रोड, मन्दसौर में दिनांक 19 जनवरी तक दोपहर 12:00 बजे से 5:00 बजे के बीच कार्यालय में आकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं, जिला खेल अधिकारी श्री विजेंद्र देवड़ा ने अधिक से अधिक खिलाड़ियों से मिनी मैराथन दौड़ में भाग लेने का आग्रह किया है, अधिक जानकारी के लिए जिला एथलेटिक्स कोच श्री मुकेश भटेवरा से मो.न. 9981795075 पर संपर्क कर सकते हैं।

# 22 को मंदसौर नगर में मांसाहार की दुकानें रहेंगी बंद, आदेश जारी

**मंदसौर, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री सुधीरकुमारसिंह ने बताया कि नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर के निर्देशानुसार 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दिवस मंदसौर नगर में मांसाहार की सभी दुकाने बंद रहेगी। 22 जनवरी को मांस, चिकन, अण्डे की दुकाने बंद रहे इस संबंध में पिछले दिनों पार्षदगणों के द्वारा एक पत्र नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर को सौंपा गया था। पत्र में दिनांक 22 जनवरी को मांसाहार की दुकाने जिसमें चिकन, अण्डे की दुकाने भी शामिल है उन्हें बंद रखने की मांग की गई थी। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने नगरवासियों व पार्षदों की मांग पर मांसाहार की दुकाने 22 जनवरी को बंद रखने के आदेश जारी किये है।

# जिले में 26 को शुष्क दिवस घोषित

**नीमच, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टरर एंव जिला दण्डामधिकारी श्री दिनेश जैन ने गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 को शुष्क2 दिवस घोषित किया गया है। गणतंत्र दिवस को ध्यान में रखते हुए, प्रदेश में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टघर श्री जैन ने जिला नीमच म.प्र.आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 62 की उपधारा(1) एवं (2) के खण्डअ(एच) द्वारा प्रदत्तक शक्तियों का प्रयोग करते हुए 26 जनवरी 2024 को नीमच जिले की समस्ती कंपोजिट मदिरा दुकाने (एफएल-7 फुटकर सैनिक कैंटीन तथा एफ.एल.-2 रेस्त रा, बार पर मदिरा का विक्रय पूर्णत: प्रतिबंधि किया गया है। साथ ही जिले की समस्त. भांग-भांगघोटा दुकाने बंद रखी जाने का आदेश जारी किया गया है। उत्तक आदेश का कडाई से पालन सुनिश्चित हो।

**जिले में 22 जनवरी को शुष्क दिवस घोषित**–कलेक्टर एंव जिला दण्डाधिकारी श्री दिनेश जैन ने 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्री राम मंदिर के गर्भगृह में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए, नीमच जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस अवसर पर प्रदेश एवं नीमच जिले में विभिन्न स्थानो पर बडे कार्यक्रमों, समारोह का आयोजन, जुलूस प्रभातफेरी आदि निकलना संभावित है। तदानुसार इस दिन प्रदेश में भांग, शराब की दुकानें बंद रखने का आदेश जारी किया गया है।

कलेक्टर श्री जैन ने जिला नीमच म.प्र.आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 62 की उपधारा(1) के तहत 22 जनवरी 2024 को नीमच जिले की समस्त कंपोजिट मदिरा दुकाने (एफ.एल.-7 फुटकर सैनिक कैंटीन तथा एफ.एल.-2 रेस्त रा, बार पर मदिरा का विक्रय पूर्णत:प्रतिबंधित किया गया है। साथ ही जिले की समस्तथ भांग-घोटा दुकाने बंद रखी जाने का आदेश जारी किया गया है। उक्त आदेश का कडाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# तुषार व कृशा का खेलो इंडिया यूथ गेम्स हॉकी प्रतियोगिता के लिए चयन

**मंदसौर, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** 21 जनवरी से चेन्नई में होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स प्रतियोगिता के लिए मध्य प्रदेश हॉकी दल का चयन किया गया यह चयन जबलपुर में हुई ट्रायल के आधार पर किया गया मध्य प्रदेश हॉकी दल में मंदसौर के तुषार परमार और कृशा परिहार का चयन मध्य प्रदेश दल हेतु किया गया। यह जानकारी हॉकी मंदसौर के अध्यक्ष कुलदीप सिंह सिसोदिया व सचिव अविनाश उपाध्याय ने दी उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश को अपनी शुरुआत 21 जनवरी से ही करनी है ज्ञात रहे पिछले खेलो इंडिया यूथ गेम्स मध्य प्रदेश बालकों में मध्य प्रदेश ही विजेता रहा था तुषार उस प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ स्कोरर था जहां उसने कल 11 गोल किए थे वहीं बालिका वर्ग में मध्य प्रदेश उप विजेता रहा था इस प्रतियोगिता में कृशा का बहुमूल्य योगदान रहा था ज्ञात रहे दोनों खिलाड़ी मध्य प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार द्वारा संचालित फीडर सेंटर और खेलो इंडिया सेंटर मंदसौर से प्रशिक्षित





होकर निकले हैं। इस उपलब्धि पर हॉकी मंदसौर के संरक्षक यशपाल सिंह सिसोदिया, विनोद जी गर्ग, विशाल गोयल, त्रिभुवन कविश्वर, जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, हॉकी मंदसौर के संरक्षक यशपाल सिंह सिसोदिया, विनोद जी गर्ग, विशाल गोयल, त्रिभुवन कविश्वर, जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, कोच रवि कोपरगांवकर, दिनेश यादव, शैलेंद्र मसीह, खेलो इंडिया एन,आई,एस कोच वैभव चौरसिया, मीत चौहान, मंगल बैरागी, ओमप्रकाश गुर्जर, राजेंद्र सिंह, भरत सिंह, शासकीय महाविद्यालय मंदसौर के खेल अधिकारी राजू कुमार, शासकीय महाविद्यालय दलोदा के खेल अधिकारी अब्दुल रज़्ज़ाक, सीनियर खिलाड़ी संजय तोमर, मनोज जैन, अंकित मंडोर, राकेश श्रीवास्तव, भारत देवड़ा, अजय सिंह गौड़, कमलेश शर्मा, शैलेंद्र परिहार, पिंटू आर्थर, डॉ हिमांशु यजुर्वेदी दुबेला क्लब के अध्यक्ष श्री विनय दूबेला ,अमर क्लब के अध्यक्ष श्री भानु प्रताप सिंह सिसोदिया, आदि ने बधाई दी व उनकी उज्वल भविष्य की कामना की उक्त जानकारी हॉकी मंदसौर के जनसंपर्क अधिकारी जितेंद्र कनौजिया ने दी।

# श्री पिपली वाली अंबे माताजी के नवनिर्मित मंदिर के प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ

**मंदसौर, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जीवागंज स्थित श्री पिपली वाले अंबे माताजी मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य के संपन्न होने के बाद नवनिर्मित मन्दिर में माताजी की प्रतिमा का प्रतिष्ठा महोत्सव का 18 जनवरी से शुभारंभ हुआ। पंडित उमेश जोशी आचार्यत्व में यजमानों को हेमाद्रि संकल्प करा कर पंचकुंडत्मक यज्ञ का भी शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा निकाली गई। 19 जनवरी को दोपहर के धार्मिक विधानों के साथ ही रात्रि 8:00 बजे जीवागंज में पं. दशरथ भाई शर्मा हनुमंत कथा करेंगे। 20 जनवरी को रात्रि में ही पं.विष्णु शर्मा के प्रवचन व सुंदरकांड पाठ होगा।21 जनवरी को रात्रि भजन संध्या के पूर्व भानपुरा पीठ के पूज्य शंकराचार्य स्वामी श्री ज्ञानानंद जी महाराज के प्रवचन होंगे। 22 जनवरी को दोपहर मुहूर्त में विधि विधान से नव निर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न होगा इस अवसर पर पूज्य शंकराचार्य जी सहित युवाचार्य श्री वरुणेंद्र तीर्थ प्रसिद्ध विद्वान आचार्य रामानुज जी, आचार्य हरेश भाई शास्त्री और भागवताचार्य पं. विष्णु शर्मा का भी सानिध्य प्राप्त होगा। भंडारा महाप्रसादी का भी आयोजन होगा। आयोजन समिति के संरक्षक अनीता दीदी, अध्यक्ष मोहन रामचंदानी उपाध्यक्ष ब्रजेश जोशी महासचिव अनिता कोठारी कोषाध्यक्ष दिलीप वाला एवं वार्ड पार्षद रमेश ग्वाला तथा सभी कार्यकर्ताओं ने नगर के धर्मनिष्ठ महानुभावों से इस समारोह में सब परिविरिष्टमित्रों सहित सम्मिलित होने का अनुरोध किया है।

# जिले में 9 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**नीमच, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला मुख्यालय नीमच तथा तहसील मनासा, जावद एवं रामपुरा न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2024 की पहली नेशनल लोक अदालत का आयोजन 9 मार्च 2024 शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व्दारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सुशांत हुद्दार के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। उक्त नेशनल लोक अदालत में नीमच, मनासा, जावद एवं रामपुरा के न्यायालयों में विचाराधीन समझौता योग्य समस्त दण्डित, सिविल, विविध, मोटर दुर्घटना दावा, विद्युत अधिनियम, नगरपालिका, नगर पंचायतों, श्रम, बैंक, इत्यादि के प्रकरणों का निराकरण आपसी सुलह और समझौते व्दारा किया जायेगा। जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री विजय कुमार सोनकर ने पक्षकारों से आगृह किया है, कि उपरोक्त श्रेणी के समझौता योग्यर प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से कराने हेतु अपने अभिभाषकों से सम्पर्क कर, संबंधित कार्यालयों में अपनी सहमति प्रस्तुत करें।

# एक देश-एक चुनाव में उम्मीदवारों की शिक्षा, उम्र, स्वास्थ्य, अपराध, उप चुनाव, आचार संहिता पर भी हो विचार

**मंदसौर, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** एक देश एक चुनाव को लेकर केंद्र सरकार द्वारा गठित समिति को भेजे गए सुझाव मे मांग की गई की उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता, स्वास्थ्य, उम्र, अपराध, बार-बार के होने वाले उपचुनाव और लगने वाली आचार संहिता पर भी विचार होना चाहिए।



एक देश एक चुनाव को लेकर केंद्र सरकार द्वारा पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित समिति को चुनावों में सुधार को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता राव प्रीतेश सिंह ने एक पत्र प्रेषित किया जिसमें कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक महोत्सव वाले देश भारत जहां चुनाव में ग्राम पंचायत से संसद तक एक उत्सवी माहौल रहता है सबकी सहभागिता, उत्साह ,उल्लास इसमें रहता है ऐसे देश में एक देश एक चुनाव को लेकर जो काम चल रहा है वह सराहनीय है ताकि चुनावी प्रक्रिया में सुधार होने के साथ-साथ चुनावी व्यवस्थाओं, व्यस्तताओं व खर्चों पर भी नियंत्रण किया जा सकेगा। बार-बार की लगने वाली आचार संहिता से जो काम प्रभावित होते हैं, रुकावटें आती हैं उससे भी निजात मिलेगी एक देश एक चुनाव की परिकल्पना लोकतंत्र को मजबूत करेगी। देश की प्रगति लोकतंत्र की मजबूती के लिए निर्वाचन प्रक्रिया में वर्तमान समय के साथ-साथ कुछ सुधार होना भी आवश्यक लगता है। उम्मीदवार की शैक्षणिक योग्यता, स्वास्थ्य, उम्र, अपराध, उप चुनाव, आचार संहिता सहित मुफ्त योजनाओं पर भी विचार किया जाना आवश्यक है।

**शैक्षणिक योग्यता –** जनप्रतिनिधि का शिक्षित होना ही नहीं पद के अनुरूप उच्च शिक्षित होना भी आवश्यक है जब एक छोटे से पद के लिए भी उच्च शिक्षित बड़ी डिग्री धारी आवेदन करते हैं तो ऐसे में देश की दिशा रीति व नीति तय करने वाले जनप्रतिनिधियों का भी शिक्षित होना बहुत आवश्यक है, जिसमें ...

✻ सांसद विधायक-स्नातक ✻ महापौर, नगर पालिका अध्यक्ष-स्नातक (सीधे चुनाव में) ✻ पार्षद नगर निगम, नगर पालिका- 12वीं ✻ जिला पंचायत सदस्य-स्नातक या 12वीं ✻ जनपद पंचायत सदस्य- 12वीं ✻ नगर पंचायत अध्यक्ष-दसवीं (सीधे चुनाव में) ✻ नगर पंचायत पार्षद-आठवी या दसवीं ✻ ग्राम पंचायत सरपंच-दसवीं (सीधे चुनाव में) ✻ ग्राम पंचायत पंच -आठवी या दसवीं। इन शैक्षणिक योग्यताओं के नियम से योग्य शिक्षित युवा पीढ़ी को भी आगे आने का अवसर मिलेगा।

**उम्र एवं स्वास्थ्य –**जब एक शासकीय कर्मचारी तय उम्र सीमा में सेवानिवृत हो जाता है तो जनप्रतिनिधियों की सेवानिवृत्ति की समय सीमा क्यों नहीं ? शासकीय कर्मचारी के कार्य क्षेत्र का दायरा बहुत सीमित होता है जबकि जनप्रतिनिधियों का असीमित उन्होंने हर विभाग देखना पड़ता है साथ ही सामाजिक, सांस्कृतिक, क्षेत्रिय, राजकीय ,राष्ट्रीय, संगठनात्मक सहित अनेक गतिविधियों में निरंतर सक्रिय रहना पड़ता है ऐसे में उनका स्वस्थ होना व उनकी उम्र सीमा आवश्यक है। स्वास्थ्य उत्तम है तो 70 प्लस भी चलेंगे और यदि असक्त ,अस्वस्थ है तो उम्र के पहले ही भी चुनाव के लिए अयोग्य किए जाएं। उम्र व स्वास्थ्य का पैमाना स्वस्थ मजबूत नेतृत्व के लिए आवश्यक है।

**बार-बार के उप चुनाव पर रोक** – बार-बार के होने वाले उपचुनाव देश के समय, संसाधन व धन की बर्बादी का कारण बनते हैं। निर्वाचित जनप्रतिनिधी के कार्यकाल का आधे से अधिक समय बीत जाने के बाद यदि किसी जनप्रतिनिधि की पद पर रहते हुए असमय मृत्यु हो जावे या अन्य किसी कारण से पद से अयोग्य करार देकर हटाया जावे तो उपचुनाव करवाए जाने की बजाय उसके स्थान पर विजयी दल के द्वारा घोषित अन्य व्यक्ति को उस स्थान पर नियुक्त किया जा सकता है। जिस तरह से सरकारी कर्मचारी की सेवा में रहते हुए मृत्यु हो जाने पर अनुकंपा नियुक्ति का प्रावधान है ठीक उसी तरह यंहा भी नियुक्ति का प्रावधान होना चाहिए। निर्दलीय जनप्रतिनिधि की स्थिति में दूसरे नंबर पर रहे प्रत्याशी के बारे में विचार किया जा सकता है। उपचुनाव ना होने से धन व समय दोनों की ही बचत होगी।

**आचार संहिता** -निर्वाचन के दौरान लागू होने वाली आचार संहिता के दायरे में सभी आ जाते हैं जिससे आम जनता का जन जीवन भी प्रभावित होता है, जब चुनाव नेता लड़ते हैं और आम जनता का मुख्य कार्य तो मतदान दिवस के दिन होता है ऐसे में आचार संहिता की कड़ाई नेताओं व राजनीतिक दलों पर ही प्रभावी रूप से लागू होना चाहिए आम जनता के सार्वजनिक, धार्मिक, सार्वजनिक, व सामाजिक आयोजनों को राहत मिलना चाहिए। ज्यादा कडाई वाली आचार संहिता से आम जनता ही परेशान होती है उसी के आयोजन प्रभावित होते हैं। उम्मीदवार अगर किसी ऐसे आयोजन में उपस्थित हो तो उस पर आचार संहिता के नियम लागू होना चाहिए।

**अपराधीयों ,भ्रष्टाचारियों की रोकथाम** – राजनीति में अपराधियों और भ्रष्टाचारियों की रोकथाम बहुत आवश्यक है, यह राष्ट्र विकास व जनहित सुरक्षा में बाधक हैं ,अवरोध हैं। किसी भी नेता जनप्रतिनिधि पर गंभीर अपराध या अन्य मुकदमा दर्ज होने पर मामले की गंभीरता के आधार पर उन्हें फैसला न आने तक चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित किया जाना चाहिए जिससे राजनीतिक का शुद्धिकरण हो सके।

**सही हो निर्वाचन का समय –** निर्वाचन महज एक सरकारी प्रक्रिया ही नहीं लोकतंत्र का महोत्सव है जिसमें जनता की उत्साह व उल्लास पूर्ण भागीदारी होती है ऐसे में निर्वाचन तिथियों का चयन सारी परिस्थिति को देखकर करना उचित होता है वर्तमान में मध्य प्रदेश व राजस्थान में हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव की तारीखों ने असमंजस व परेशानी का वातावरण निर्मित किया क्योंकि यह भारतवर्ष के सबसे महत्वपूर्ण और बड़े त्यौहार नवरात्रि, दशहरा, दीपावली के मध्य संपन्न हुए सिर्फ त्यौहार ही नहीं यह कई जगह कार्तिक मेलों का भी समय रहता है। निर्वाचन की इन तिथियों के दौरान आम जन त्योहारों में व्यस्त तो किसान व मजदूर खेतों में व्यस्त थे, धान की कटाई , व्यापारी त्योहारी सीजन को लेकर दुकानों में व्यस्त था। कर्मचारी चुनाव की प्रशिक्षण और तैयारी में लगा होने से परिवार को त्योहार वाला समय नहीं दे पाया त्यौहार के दिनों में भी उसे चुनावी ड्युटिया करना पड़ी। राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता भी असमंजस में रहे कि काम धंधा करें, घरों पर त्योहारों की तैयारी करें या चुनाव प्रचार में जावे कुल मिलाकर सभी के लिए परेशानी भरा समय इस चुनावी कार्यक्रम का रहा किसी भी महत्वपूर्ण त्यौहार या अवसर के निकट चुनाव नहीं कराई जाए।

**प्रीतेशसिंह राव, मंदसौर**

# पीपलेश्वर बालाजी मंदिर पर होगे आयोजन

**मंदसौर, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** आगामी 22 जनवरी 2024 सोमवार को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है इसी तारतम्य में स्थानीय अभिनंदन नगर तिलक नगर स्थित श्री पीपलेश्वर बालाजी / महादेव मंदिर पर भी भव्य आयोजन प्रभु की कृपा से किये जा रहे है जिसमे मंदिर की आकर्षक विद्युत सज्ञा की जा रही है तथा 22 जनवरी सोमवार को दोपहर 1बजे जब अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा होगी उस समय आरती कर प्रसाद वितरण किया जावेगा तथा दोपहर 2 बजे से मातृशक्ति द्वारा संगीतमय भजन कीर्तन किया जावेगा तथा सायं 6 बजे 1100 दीपक से मंदिर को जगमग सजाया जाएगा तथा युवा भक्तो द्वारा भव्य आतिशबाजी की जावेगी तथा 7.30 बजे ढोल के साथ महाआरती की जावेगी पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया जावेगा तथा अगले दिन 23 जनवरी मंगलवार को सायं 7.30 बजे सुंदरकांड का आयोजन रखा गया है। उक्त सभी कार्यक्रमों में आप सभी बालाजी भक्त सपरिवार पधार कर धर्म लाभ लेवे।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 70 | 2220 | 2319 |
| उडद | 18 | 3425 | 7599 |
| सोयाबीन | 3545 | 4000 | 4815 |
| गैहु | 2650 | 2660 | 3301 |
| चना | 40 | 3001 | 5581 |
| मसुर | 44 | 3700 | 6011 |
| धनिया | 139 | 5211 | 6700 |
| लहसुन | 2200 | 10000 | 19053 |
| मैथी | 408 | 5000 | 5850 |
| अलसी | 1181 | 4627 | 5151 |
| सरसो | 579 | 4001 | 5111 |
| तारामीरा | 2 | 4594 | 4594 |
| इसबगोल | 6 | 11700 | 15100 |
| प्याज | 3100 | 250 | 1691 |
| कलोंजी | 54 | 15500 | 17651 |
| डॉलर | 9 | 7411 | 10351 |
| तिल्ली | 12 | 13100 | 15300 |
| मटरसुखी | 00 | 00 | 00 |
| असालीया | 14 | 5800 | 9425 |

# राम केवल नाम ही नहीं सम्पूर्ण प्राणिमात्र के अस्तित्व का प्रमाण है-पूर्व गृहमंत्री चावला

## दशपुर वैभव संगम ने किया कार सेवकों का सम्मान






**मंदसौर, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** अयोध्या मामले का पटाक्षेप संघर्ष , त्याग और बलिदानों के बाद हुआ है। पीढ़ियों के बाद शुभ अवसर आया है जब रामलला की मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा होने जारही है। राम केवल नाम ही नहीं है अपितु यह प्राणिमात्र के अस्तित्व का प्रमाण है। यह उद्गार व्यक्त किये प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री श्री कैलाश चावला ने। गुरुवार दोपहर आप मंदसौर में सांस्कृतिक संस्था ' दशपुर वैभव संगम ' द्वारा आयोजित श्रीराम कार सेवा अभिनंदन समारोह के मुख्य अतिथि थे।

गोल चौराहा स्थित पांडेय स्मृति सभागृह में सम्पन्न समारोह में मंदसौर , शामगढ , मल्हारगढ , पिपलिया , दलौदा , सीतामऊ सहित अन्य स्थानों के 30 से अधिक कार सेवकों को सम्मानित कर अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि श्री चावला ने कहा राम का चरित्र मानव मात्र के लिए जीवन का श्रेष्ठ उदाहरण है। आज़ाद भारत के लिए महात्मा गांधी ने राम राज्य की कल्पना की थी। कारसेवकों के संघर्ष और बलिदानों को भुलाया नहीं जा सकता। आपने दशपुर वैभव संगम संस्था के आयोजन की सराहना की। आपने राम जन्मभूमि आंदोलन के नेतृत्व की अग्रिम पंक्ति के अशोक सिंघल आचार्य श्रीधर्मेंद्र , साध्वी ऋतुम्भरा , आदि के योगदान को याद किया। कार सेवक रहे मंदसौर नीमच जावरा के लोकसभा सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने अपने संस्मरण सुनाए और कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम देश ही विश्व में गुंज रहा है। राम राज्य में वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा आज भी अत्यंत प्रासंगिक है। भारत राम राज्य की और बढ चला है। विकसित भारत , सक्षम भारत , युवा भारत ,संकल्पित भारत को एकबार फिर अखंड भारत के रूप में राम स्थापित करने जा रहे हैं। सांसद श्री गुप्ता ने कार सेवा के साथियों को याद किया और सम्मान समारोह को अच्छी पहल निरूपित किया। अभिनंदन समारोह की अध्यक्षता दशपुर प्राच्य शोध संस्थान निदेशक डॉ कैलाशचंद्र पांडेय ने की। डॉ पांडेय ने कार सेवा संस्मरण सुनाए और मंदसौर जिले के 600 से अधिक कार सेवकों से अपील की और कहा कि अपने संस्मरणों को लिपिबद्ध करते हुए उपलब्ध चित्रों के साथ उन्हें भेजें ताकि जिले के कार सेवकों का संग्रह और स्मारिका प्रकाशित की जासके। शामगढ के जगदीश सोनी , राजेंद्र सिसोदिया , पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, मल्हारगढ के मदनलाल राठौड, वरिष्ठ अभिभाषक गोपाल कृष्ण पाटिल, स्वर्णकार समाज राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कारूलाल सोनी , वंदे मातरम सेवा समिति अध्यक्ष अज़ीज खान , सक्षम सेवा संस्था प्रांतीय सहसचिव डॉ रविन्द्र पांडेय , पार्षद सुनील बंसल , वरिष्ठपत्रकार आशुतोष नवाल , एडवोकेट नितिन शिंदे सहित अन्य ने सन 1990 एवं 1092 की अयोध्या कार सेवा काल खंड की प्रताड़ना , कठिनाई , जीवन मरण संघर्ष , जेलों की यातनाएं , तत्कालीन पुलिस एवं अन्य एजेंसियों से हुई समस्याओं को खुलकर व्यक्त किया। साथ ही यह भी बताया कि मन और तन में विश्वास बना रहा और अन्ततः राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ। इसके पूर्व अतिथियों ने राम दरबार और मार्गदर्शक मंडल स्तंभ आचार्य श्रीधर्मेंद्रजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण किया। स्वागत और समारोह रूपरेखा दशपुर वैभव संगम संयोजक डॉ घनश्याम बटवाल ने प्रस्तुत की। पूर्व गृहमंत्री श्री चावला , शोध संस्थान निदेशक डॉ पांड्य , सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने परमानंद परमार , कमलेश आर्य, राजेंद्रप्रसाद माथुर , रामेश्वर मकवाना , भरत शिंदे , नरेंद्र पोरवाल ,अनिल गुप्ता, नरेंद्र प्रहलाद बंधवार ,अनिल हरिप्रसाद शर्मा ,अरुण कासट ,अशोक परमार सहित अन्य कार सेवकों का अभिनंदन कर सम्मानित किया शॉल उपरना के साथ रामचरित मानस एवं गीताजी ग्रंथ भेंट किये।

इस अवसर पर सामाजिक और अन्य क्षेत्रों में सक्रिय लालबहादुर श्रीवास्तव , अशोक त्रिपाठी , नंदकिशोर राठौड को श्री चावला एवं सांसद श्री गुप्ता ने सम्मानित किया। आकाशवाणी कलाकार श्री ललित बटवाल ने सस्वर राम भजन प्रस्तुत किया। शिक्षाविद सुरेंद्र दीक्षित ,भारत विकास परिषद प्रांतीय पदाधिकारी घनश्याम पोरवाल , वरिष्ठ पत्रकार नवनीत शर्मा , संगीत महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष नरेंद्र त्रिवेदी , भाजपा मंडल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत , समाजसेवी देवेंद्र मरच्या, इंजीनियर रामगोपाल गुप्ता सहित गणमान्य जन उपस्थित थे। अंत में आभार दशपुर वैभव संगम सचेतक अशोक त्रिपाठी ने माना।

# देशभर में होने वाली खनन गतिविधियों का रोडमेप मध्य प्रदेश में होगा तय

**भोपाल, 18 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** साल 2024 के लिए देश भर में होने वाली खनन गतिविधियों का रोडमेप इस बार मध्य प्रदेश में तैयार किया जाएगा। 22 और 23 जनवरी को भोपाल में दो दिवसीय राष्ट्रीय बैठक रखी गई है। जियोलाजिकल सर्वे आफ इंडिया (जीएसआइ) की 63वीं सेंट्रल जियोलाजिकल प्रोग्रामिंग बोर्ड की बैठक पहली बार मध्य प्रदेश में हो रही है।



भोपाल के कुशाभाऊठाकरे कन्वेंशन सेंटर में होने वाली बैठक में जीएसआइ के 100 से अधिक एक्सपर्ट शामिल होंगे। जीएसआइ द्वारा जिन नए खनन ब्लाक की रिपोर्ट बना ली गई है वो सबंधित राज्य सरकारों को दी जाएगी। नए ब्लाक्स ढूंढने के लिए एक्सप्लोरेशन, बढ़ाने सहित तकनीकी पक्षों पर जीएसआइ के प्रस्तुतीकरण होंगे। खनन से राजस्व बढ़ाने किस राज्य में क्या नवाचार हुआ, वैध खनन बढ़ाने, अवैध खनन रोकने क्या प्रयास हुए आदि पर प्रदर्शनी भी लगेगी। बैठक में साल 2023 की खनन गतिविधियों की रिपोर्ट भी रखी जाएगी। साथ ही साल 2024 में किस तरह से देश में खनन गतिविधियां संचालित होंगी, इसका रोडमेप भी बनेगा। 22 जनवरी के तकनीकी सत्रों में जीएसआइ के अलावा राज्य सरकारों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू), केंद्र की एजेंसियों के अधिकारी शामिल होंगे।

बैठक में 23 जनवरी को मिनिस्टर कान्क्लेव में सभी राज्यों के खनन मंत्री और प्रमुख सचिव (खनन) हिस्सा लेंगे। इस बैठक में मध्य प्रदेश सहित राज्यों में खनन क्षेत्र में चल रही बेस्ट प्रैक्टिसेज पर प्रस्तुतीकरण होंगे। खनन क्षेत्र की चुनौतियों और जरूरतों को लेकर भी बात होगी। मध्य प्रदेश कैडर के आइएएस अधिकारी और केंद्रीय खनन सचिव वीएल कांताराव भी कार्यक्रम का हिस्सा होंगे। बता दें कि 63वीं सेंट्रल जियोलाजिकल प्रोग्रामिंग बोर्ड बैठक के लिए मध्य प्रदेश का चयन इसलिए किया गया है कि केंद्र द्वारा मुख्य खनिज की नीलामी में देश में नंबर एक पर रहा है। सितंबर 2023 को मध्य प्रदेश द्वारा 22 मुख्य खनिज ब्लाक आक्शन हुए थे, जिससे कुल आक्शन हुए ब्लाक 68 हो गए जो देश भर में सबसे अधिक हैं। वहीं मध्यप्रदेश कोयले, हीरे सहित कई खनिजों में देश का प्रमुख प्रदेश है।

प्रदेश की खनिज व्यवस्था को देखते हुए भारत सरकार ने 63वीं सेंट्रल जियोलाजिकल प्रोग्रामिंग बोर्ड बैठक के लिए भोपाल का चयन किया है। बैठक में सभी राज्यों के खनिज मंत्री और विभागीय सचिव शामिल होंगे। वे अपने-अपने नवाचार बैठक में बताएंगे। इसमें सभी राज्य एक दूसरे से कुछ न कुछ सीखेंगे।

**निकुंज श्रीवास्तव**
**प्रमुख सचिव मप्र खनिज साधन विभाग**

# नेताजी सुभाषचंद्र बोस का जन्म दिवस 23 को मनाया जाएगा

**मंदसौर, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** देश की आजादी के महानायकों एवं सैनिकों के सम्मान के लिए समर्पित दशपुर जागृति संगठन लगातार महान क्रांतिकारियों की स्मृतियों को चिरस्थाई बनाए रखने के लिए संघर्ष करने के साथ ही उनकी प्रतिमाओं को स्थापित करने के लिए व उनकी विचारधारा का देश बनाने के लिए कार्य कर रहा है। लगातार 14 वर्षों की तपस्या के बाद राष्ट्रीय स्तर पर महान क्रांतिकारियों को याद किया जा रहा है यह संगठन के परिश्रम एवं उनके कार्यकर्ताओं की लगन का परिणाम है आज मंदसौर नगरी भी क्रांतिकारियों की नगरी से जानी और पहचानी जाने लगी है इसी कड़ी में 23 जनवरी को आजाद हिंद की फौज के संस्थापक 1947 देश की आजादी के महानायक अंग्रेजों के विरुद्ध एक सशक्त फौज खडी करने वाले प्रथम नेता नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म दिवस 23 जनवरी को मनाया जाएगा।



तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा आईएफएस की पढ़ाई को ठुकरा कर डिग्री को ठोकर मारते हुए आजादी के लिए खुद न्योछावर करने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस लगातार संगठन द्वारा मेनपुरिया चौराहा पशुपतिनाथ गेट के समीप संगठन ने नेताजी की प्रतिमा लगाने की शपथ ले रखी है उस शपथ को ध्यान रखते हुए लगातार 8 वर्षों से इस स्थान पर 23 जनवरी को जन्म दिवस का कार्यक्रम आयोजित करता आ रहा है उसी प्रकार इस बार भी 23 जनवरी को प्रातः 9.30 बजे मनाते हुए उक्त स्थल पर प्रतिमा स्थापित करने हेतु भूमि अधिग्रहण का मांग पत्र देकर नगर पालिका अध्यक्ष रामादेवी गुर्जर से करेगा। इस कार्यक्रम को गरिमा प्रदान करने के लिए सांसद सुधीर गुप्ता, हुडको डायरेक्टर बंसीलाल गुर्जर, नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, उपाध्यक्ष नम्रता चावला एवं साथ में संगठन के देशभक्ति पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पहुंचेंगे। इस कार्यक्रम को विशेष सहयोगी इंजीनियर बी एस सिसोदिया कार्यक्रम के प्रायोजक की भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम के लिए संगठन के अध्यक्ष डॉ देवेंद्र पुराणिक ने आह्वान किया है कि सभी देशभक्त नागरिक इसमें अपनी भागीदारी करें और संगठन की मांग पर मोहर लगाये।

संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर शर्मा ने भी विशेष मांग की है कि लगातार संगठन 8 वर्षों से मेहनत कर रहा है अब नगर पालिका को जमीन अधिग्रहण के साथ ही सुंदर चौराहा निर्माण किया जाना चाहिए। संगठन के संरक्षक रविंद्र पांडे, एमपी सिंह परिहार, राजाराम तंवर, रमेशचंद्र चंद्रे, आशीष बंसल, अरुण गौड़, बलराम बिश्नोई, विकास जैन, डॉ. अनिल प्रजापति, इंजीनियर आरसी पांडे, कोषाध्यक्ष हरिनारायण, सीमा चौरडिया, प्रेमलता मिंडा, उषा कुमावत, किरण मंडोवरा, वर्षा बसेर, अनिता कुमावत, सुभाष गुप्ता, अर्चना गुप्ता, सुनील बंसल, गोपाल शर्मा, विष्णु दास बैरागी, कमल कोठारी, सीए विकास भंडारी बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पहुंचेंगे। संगठन कार्यकर्ता अपनी क्रांतिकारी ड्रेस के साथ ही नेताजी सुभाष चंद्र बोस की कैप लगाकर कार्यक्रम में भागीदारी करेगा। कार्यक्रम 23 जनवरी को प्रातः 9.30 बजे प्रारंभ होकर 10.30 बजे समाप्त हो जाएगा। नेताजी के लिए संगठन ने आव्हान किया है कि नगर के नागरिक भी कार्यक्रम में भागीदारी करें। स्वयंसेवी संस्थाएं भी कार्यक्रम में भागीदारी करें। नेताजी के लिए कुछ समय निकाले। यह जानकारी संगठन के उपाध्यक्ष इंजीनियर बी एस सिसोदिया ने दी।

## गणतंत्र दिवस पर शासकीय भवनों पर रौशनी की जायेगी

**नीमच, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 के अवसर सभी शासकीय भवनों एवं एतिहासिक स्थलों पर 21 से 26 जनवरी 2024 तक रौशनी की जायेगी। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सभी विभागों को निर्देश जारी किये गये है।

# नपाध्यक्ष ने मंदिरो में पार्षदगणों के साथ स्वच्छता कार्य किया





**मंदसौर, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने कल गुरूवार को नपा परिषद के द्वारा प्रारंभ किये गये स्वच्छता अभियान में सहभागीता की तथा वहां मंदिरो के परिसरो की सफाई का कार्य पार्षदगणो के साथ किया। अयोध्या में मंदिरो के परिसरो की सफाई का कार्य पार्षदगणो के साथ किया। अयोध्या में दिनांक 22 जनवरी को होने जा रही भगवान श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में पुरे मप्र के उपलक्ष्य में पुरे मप्र में नगरीय प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार मंदिरो व विभिन्न धार्मिक स्थानो की स्वच्छता का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी विभिन्न के अंतर्गत मंदसौर नपा परिषद के द्वारा भी दिनांक 17 व 18 जनवरी को मंदसौर नगर के वार्डो में जो भी मंदिर व धार्मिक स्थान है उनकी स्वच्छता का कार्य किया जा रहा है। कल नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने कई वार्डो में पहुँचकर स्वच्छता के कार्य में सहभागीता की ओर अपने हाथो से स्वच्छता का कार्य किया और मौके पर उपस्थित सफाई मित्रो को भी स्वच्छता के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वार्ड क्र 3 कोठारी के पंचमुखी बालाजी मंदिर, शीतल मंदिर एवं मयुर कॉलोनी के पिपलेश्वर महादेव मंदिर पर नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने स्वच्छता का कार्य किया। वार्ड क्र 4 में लक्ष्मीनगर लालघाटी रोड पर बालाजी मंदिर वार्ड क्र 5 में बालाजी मंदिर व वार्ड क्र 21 शिव मंदिर वार्ड क्र 5 में बालाजी मंदिर व वार्ड क्र 21 शिव मंदिर की स्वच्छता का कार्य भी क्षैत्रीय पार्षदगण्ध सत्यनारायण भांभी, आशीष गौड, सुनिता गुजरिया, समाजसेवी कन्हैयालाल भाटी, अर्जुन धनगर के साथ स्वच्छता का कार्य किया और इस स्थानो पर क्षैत्र के नागरिको से भी चर्चा की गयी।

**मंदिरों में विशेष सफाई अभियान चलाकर मंदिरों में साफ सफाई की जा रही**-अयोध्या में भगवान श्री राम प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को होगी। प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर जिले के सभी दर्शनीय स्थलों पर जन सहयोग से विशेष सफाई अभियान चलाकर मंदिरों में साफ-सफाई की जा रही है। मंदिरों में सफाई के अलावा रंग रोगन का कार्य किया जा रहा है। मंदिर पर लाइट की व्यवस्था की जा रही है। मंदसौर पुलिस द्वारा थानों ,चौकी ,कंट्रोल रूम ,पुलिस लाइन आदि क्षेत्रों साफ सफाई की गई।

## अवैध शराब के साथ पकड़ा

**पिपलियामंडी, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने अवैध शराब के साथ आरोपियों को पकड़ा। बूढ़ा चोकी पुलिस ने प्लास्टिक केन में 5 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब के साथ मंशाखेड़ी निवासी बाबूलाल पिता मांगीलाल भरींवत को, नारायणगढ़ पुलिस ने 15 क्वार्टर के साथ फतेहपुर निवासी कारुलाल पिता रामलाल अहिरवार को

## तलवार सहित पकड़ा

**पिपलियामंडी, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** तलवार लेकर लोगों को डरा-धमका रहे आरोपी को पुलिस ने पकड़ा। नाहरगढ़ पुलिस ने तलवार के साथ बिल्लौद निवासी जितेन्द्र पिता कैलाश सूर्यवंशी को पकडा। आरोपी के खिलाफ 25 आर्म्स एक्ट में केस दर्ज किया।

# शराब के नशे में तीन भाईयों को पीटा, ट्रेक्टर क्षतिग्रस्त किया

**पिपलियामंडी, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट करने व ट्रेक्टर को क्षतिग्रस्त करने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। उजागरिया निवासी दयालसिंह राजपूत ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि संग्रामसिंह राजपूत ने शराब के नशे में गाली-गलौज की, मैंने मना किया तो मेरे उपर ईंटे फेंकी, लट्ठ से मारा और मेरे ट्रेक्टर में तोड़फोड कर दी जिससे काफी नुकसान हुआ। बीच-बचाव करने आए मेरे भाई नाहरसिंह व लाखनसिंह के साथ भी मारपीट की, जिससे सिर, हाथ व पैर में चोंटे आई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया। संग्रामसिंह राजपूत द्वारा आए दिन ग्रामीणों के साथ किए जा रहे झगडे के विरोध में ग्रामीणों ने हस्ताक्षरयुक्त आवेदन देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर भी पुलिस चौकी, जिला पुलिस अधीक्षक सहित वरिष्ठ अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को शिकायत भेजी है।

# 7-साइडर फुटबॉल टूर्नामेंट आज से, 12 टीमें होगी शामिल

**मंदसौर, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला फुटबॉल संघ, मंदसौर द्वारा दिनांक 19-01-2024 से दिनांक 21-01-2024 तक मंदसौर नगर में तीन दिवसीय 7-साइडर फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन करने जा रहा है। यह टूर्नामेंट नूतन फुटबॉल मैदान पर आयोजित किया जाएगा। इस टूर्नामेंट में मंदसौर जिले के फुटबॉल क्लबों की 12 प्रमुख टीमें भाग लेंगी। यह टूर्नामेंट लीग स्टार पर खेला जाएगा, जिसमें सभी टीमों को 3-3 टीमों के 4 ग्रुप में बांटा जाएगा और उनके बीच लीग मैच आयोजित करवाए जायेंगे। टूर्नामेंट के शुरुआती 2 दिनों में लीग मैच खेले जाएंगे। सभी चारों ग्रुप की शीर्ष स्थान पर आने वाली टीमें 21-01-2024 को सुबह सेमीफाइनल का मैच खेलेंगी। जिसके पश्चात 21-01-2024 को शाम को फाइनल मैच खेला जाएगा।

टूर्नामेंट की विजेता टीम को 2100/-रुपए नकद और ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 501/-रुपए नकद और ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा। यह टूर्नामेंट अन्य फुटबॉल टूर्नामेंट से अलग होगा जिसमें खेलने वाला मैदान छोटा होता है और खेलने वाला समय भी कम होता है। संघ के पदाधिकारियों द्वारा इस टूर्नामेंट के अनुरूप मैदान को तैयार किया गया है। इस आयोजन को मूर्त रूप देने के लिए संघ अध्यक्ष श्री बाबूलाल गुर्जर, संयोजक विपिन शर्मा, दीपक शर्मा, ईश्वर सिंह चौहान, कमल कंडारे, सुरेंद्र प्रताप सिंह, अक्षय उपाध्याय, दिनेश यादव, मेहमूद नागौरी, अंशुल शर्मा, उत्कर्ष चौधरी, अक्षय राणा, मुजम्मिल काजी, अनुराग रावत आदि सदस्यों ने अपना अमूल्य योगदान दिया।

## मांस की दुकानों को अन्यत्र स्थापित किया जाए

**पिपलियामंडी, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** धार्मिक स्थलों के पास लगी मांस की दुकानों को हटाने की मांग शिवसेना ने की। युवा जिलाध्यक्ष मुकेश लोहार ने बताया पिपलियामंडी अयोध्या बस्ती में मंदिर के पास मवेशी का अवशेष मिलने के बाद प्रशासन व पुलिस ने कुछ दुकानों को सील किया। कार्रवाई यहां तक ही सीमित नही होना चाहिए। मंदिरों के पास लगी सभी दुकानों को शीघ्र हटाया जाना चाहिए व नगर से बाहर स्थापित किया जाए।

## राहुल की न्याय यात्रा पर भारी...

पेज 1 से जारी

जयराम रमेश जैसे नाम शामिल है। यह वे नाम है जो अपने क्षेत्र से हारे हुए हैं और राज्यों में कांग्रेस को भी हरवा चुके हैं। बीते साल राज्यों के चुनाव में भी हिमाचल, तेलंगाना और कर्नाटक राज्यों में कांग्रेस की सरकार बनी है। बनवाई वहीं के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पर श्रेय लेने में सोनिया राहुल की टीम सामने आ गई और यही टीम दावा कर रही थी मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस की सरकार बनवाएंगे। लेकिन, नतीजा सबके सामने है। इतने बड़े राज्यों को खोने वाले चाटुकार प्रभारी और नीतिकारों से कांग्रेस हाई कमान और युवराज ने भी सवाल तक नहीं पूछे हैं, उल्टा दूसरे राज्यों का प्रभार दे डाला! राहुल यात्रा कर सिर्फ अपनी छवि निखार रहे हैं। कांग्रेस की मजबती के लिए कांग्रेस के भीतर कभी अपनी खुद की आंख कान से झांकते और समझ कर कुछ कर पाते, तब माना जाता कि कांग्रेस के युवराज संगठन को मजबूत करने के लिए यात्रा कर रहे हैं। ऐसा शायद बिल्कुल नहीं है। क्योंकि, अगर राहुल कांग्रेस संगठन और जन आधार को सुधारने के लिए मेहनत करने की धारणा से कांग्रेस को निहार रहे होते तो बीते वर्षों में कांग्रेस से जन आधार वाले छत्रप नेता स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा के उत्तराधिकारी रीता बहुगुणा जोशी, विजय बहुगुणा, गुजरात में मोदी का विरोध कर नेता बने हार्दिक पटेल उनके अपने गुलाम नबी आजाद ऐसे अनेक जो कांग्रेस छोड़ गए। इसके बाद भी अगर राहुल अपने चाटुकारों के अलावा कांग्रेस संगठन को देखा करते तो मध्य प्रदेश के छत्रप नेताओं में उनके ही सबसे करीबी ज्योतिरादित्य सिंधिया कांग्रेस की सरकार गिराकर भाजपा की सरकार नहीं बनवाते और ना ही अच्छी चलने वाली राजस्थान की सरकार में पूरे 5 साल सचिन पायलट और अशोक गहलोत में वार पलटवार सार्वजनिक होते। देश की जनता देख समझ रही थी बस संगठन के युवराज राहुल गांधी नहीं समझ रहे थे। मध्य प्रदेश में भी नहीं समझ रहे हैं कि अपने जिले की सभी 9 सीटें हारने वाले जीतू पटवारी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया तो महिला यौन शोषण के मामले झेलने वाले विधानसभा के नेता उमंग सिंगार और उपनेता हेमंत कटारे बनाए हुए हैं। मेहनत कर जीतने वाले चरित्रवान विधायक नेता इसे राहुल की दूरदर्शिता माने या अविवेकी निर्णय या कांग्रेस को सत्यानाश की ओर धकेलना वाला निर्णय ?

भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में...

# विधायक जैन द्वारा भजन संध्या व प्रसादी वितरण कल

**मंदसौर, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश से लगभग पांच सौ वर्षो के संघर्ष उपरांत अयोध्या में भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा एवं मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त्र हुआ है। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में आगामी 20 जनवरी को क्षेत्रीय विधायक श्री विपिन जैन द्वारा भजन संध्या का आयोजन एवं प्रसादी वितरण कार्यक्रम आयोजित होगा। सायं 6ण्30 बजे से गांधी चौराहा मंदसौर पर आयोजित भजन संध्या को सफल बनाने हेतु विधायक श्री विपिन जैन मित्र मंडल द्वारा प्रचार. प्रसार के साथ ही तैयारियां निरंतर जारी है।



विधायक श्री विपिन जैन द्वारा सनातन धर्म के गौरव भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा पर हर्ष प्रकट करते हुये कहा कि भगवान श्री राम के अयोध्या में मंदिर निर्माण से सभी राम भक्त हर्षित एवं गौरवान्वित है। मंदसौर नगर सहित समूचे अंचल में राम भक्तो के उल्लास एवं हर्ष की अभिव्यक्ति हेतु आगामी 20 जनवरी को सायं 6.30 बजे गांधी चौराहा मंदसौर पर भजन संध्या एवं प्रसादी वितरण कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें बडी संख्या में राम भक्त भागीदारी करेंगे। अतः समस्त क्षेत्र के राम भक्तो से सादर आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में गांधी चौराहा मंदसौर पर आयोजित भजन संध्या में भागीदारी कर प्रसादी का लाभ लेवे।

# मोदी सरकार का फैसला: 22 जनवरी को सेंट्रल के सभी कार्यालय आधे दिन बंद रहेंगे

**नई दिल्ली, 18 जनवरी।** यूपी के अयोध्या में रामलला प्राण-प्रतिष्ठा के मौके पर 22 जनवरी को सभी केंद्र सरकार के कार्यालय आधे दिन के लिए बंद रहेंगे। मंत्री ने बताया कि कार्यालय को आधे दिन बंद रखने का फैसला भारी भावनाओं को देखते हुए लिया गया है। उक्ताशय की जानकारी केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र प्रसाद ने दी है।

उन्होने कहा कि अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को पूरे भारत में मनाई जाएगी। कर्मचारियों को उत्सव में भाग लेने में सक्षम बनाने के लिए यह निर्णय लिया गया है। पूरे भारत में सभी केंद्रीय सरकारी कार्यालय, केंद्रीय संस्थान व केंद्रीय औद्योगिक प्रतिष्ठान 22 जनवरी 2024 को 2।30 बजे तक आधे दिन के लिए बंद रहेंगे। 22 जनवरी को दोपहर 12।30 बजे राम मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और सभी क्षेत्रों के कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में होगा। समारोह सात दिन पहले 16 जनवरी को अयोध्या मंदिर परिसर में शुरू हो चुका है। प्राण-प्रतिष्ठा से पहले हर दिन विशिष्ट अनुष्ठान किए जा रहे हैं। बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड को पत्र लिखकर 22 जनवरी को छुट्टी देने का अनुरोध किया। बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा ने अपने पत्र में लिखा कि जैसा कि आप जानते हैं अयोध्या में श्री राम मंदिर का उद्घाटन 22 जनवरी 2024 को होना है। यह आयोजन देश भर के लाखों लोगों के लिए अत्यधिक धार्मिक, ऐतिहासिक व सांस्कृतिक महत्व रखता है। जो एक लंबे समय से प्रतीक्षित सपने के साकार होने व देश की संरचना को परिभाषित करने में महत्वपूर्ण कानूनी कार्यवाही के समापन का प्रतीक है।

## ✻ शोक संदेश ✻

स्व. सुजानमल गाँधी के पुत्र शांतिलाल , रमेशचंद्र के छोटे भाई तेजमल,राजमल गाँधी के बडे भाई रिकबचंद,जितेंद्र,प्रकाश के अंकल और जियान के छोटे दादाजी अशोक कुमार गाँधी का आज दिनांक 18-1-2024 को स्वर्गवास हो गया है जिनकी अंतिम यात्रा 19-1-2024 को प्रातः 9.30 बजे गांधी सदन रोड नं 4 कालाखेत से निकलेगी।

**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**
**शांतिलाल, रमेशचंद, तेजमल, राजमल, एवं समस्त गांधी परिवार रतलाम वाले मंदसौर**

## तीर्थ यात्रियों का किया स्वागत

**पिपलियामंडी, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** गंगासागर, तीन धाम 11 ज्योतिर्लिंग की 39 दिनी यात्रा कर लौटे यात्रियों का ग्रामीणों व परिजनों ने ढोल-ढमाकों व पुष्पमालाओं से स्वागत् किया व जुलूस निकाला। पशुपतियात्रा संघ के अभिषेक वैष्णव ने बताया मंदसौर, नीमच व प्रतापगढ़ जिले के तीर्थ यात्री शामिल हुए, 39 दिनों तक तीन धाम की यात्रा पूरी की।

## मासूम से दुष्कर्म करने...

पेज 1 से जारी

किसी को कुछ मत बताना नहीं तो तुझे जान से मार दूंगा। बात बालिका ने उसके माता-पिता को बताई और बोली की राहुल ने पहले भी दो-तीन बार मेरे साथ गलत काम किया है। पुलिस द्वारा प्रकरण में विवेचना की गई। अरोपी को गिरफ्तार कर संपूर्ण कार्यवाही उपरांत चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया। उक्त प्रकरण गंभीर सनसनीखेज प्रकरणों की श्रेणी में चिन्हित किया गया था।

विचारण के दौरान प्रकरण में न्यायालय के समक्ष अभियोजन अधिकारी द्वारा रखे गये तथ्यो व तर्को से सहमत होकर साक्ष्य के आधार पर न्यायालय द्वारा आरोपी राहुल को दोषसिद्ध किया। प्रकरण में अभियोजन का संचालन विशेष लोक अभियोजक श्रीमती दीप्ति कनासे द्वारा किया गया।

**एजेंसी देना है**

**शामगढ़, मल्हारगढ़ व धुधड़का में**

दैनिक **गुरु एक्सप्रेस**

**की एक और एजेन्सी देना है। इच्छुक व्यक्ति दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक संपर्क करें।**

**9425105927, 28 -07422-495831**

**कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस**

**15, नपा मार्केट, नयापुरा रोड़, मंदसौर**

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in